उत्तर पूर्व मैलबर्न क्षेत्र में एनडीआईएस के लिए तैयारी की जा रही है

उत्तर पूर्व मैलबर्न क्षेत्र में नेशनल डिसेबलिटी इंश्योरेंस स्कीम (एनडीआईएस) 1 जुलाई 2016 से शुरु हो जायेगी।

एनडीआईएस क्या है?

नेशनल डिसेबलिटी इंश्योरेंस स्कीम (एनडीआईएस) अक्षमता सहायता प्रदान करने का एक नया तरीका है और इसका नियोजन नेशनल डिसेबलिटी इंश्योरेंस एजेंसी (एनडीआईए) द्वारा किया जा रहा है।

एनडीआईएस का प्रारंभ एक बहुत बड़ा परिवर्तन है, और इसे सही तरीके से लागू करना तथा वहनीय बनाना महत्वपूर्ण है, इसलिए इसे विभिन्न चरणों में शुरु किया जा रहा है।

लोगों को धीरे-धीरे एनडीआईएस में कैसे शामिल किया जायेगा उस बारे में कॉमनवैल्थ तथा विक्टोरियाई सरकार के बीच में बातचीत हो चुकी है।

अब तक, एनडीआईएस का देश के विभिन्न स्थानों में परीक्षण के तौर पर प्रयोग हो चुका है। विक्टोरिया में एनडीआईएस का परीक्षण के तौर पर प्रयोग 1 जुलाई 2013 से प्रारंभ हुआ था।

एनडीआईएस कैसे काम करती है?

एनडीआईएस, निजीकृत योजनाओं की रचना करने के लिए, एक लचीला, आजीवन सहभागिता का दृष्टिकोण अपनाते हुए भागीदारों, उनके परिवारों और देखभालकर्ताओं के साथ मिलकर काम करती है। एनडीआईएस, भागीदारों को सहायतायें कैसे, कब और कहाँ मिलेंगी उस बारे में भागीदारों के लिए और अधिक विकल्प प्रदान करती है।

इससे उनको यह निश्चितता भी मिलती है कि उनको जिस सहायता की आवश्यकता है वो उन्हें आजीवन मिलती रहेगी।

एनडीआईएस, अपने भागीदारों को सामुदायिक तथा मुख्यधारा की सहायताओं से जोड़ने के लिए काम करती है। एनडीआईएस अपने भागीदारों को, उनके लक्ष्यों और आकांक्षाओं को पाने के लिए प्रयास, तथा दैनिक जीवन में भाग लेने में सहायता करने के लिए, अतिरिक्त उचित और आवश्यक सहायताओं के लिए अनुदान देती है।

लोगों को अपनी सामाजिक तथा आर्थिक हिस्सेदारी बढ़ाने में सहायता करने के लिए, एनडीआईएस को अक्षमता वाले लोगों के लिए अवसरों की पहचान करने हेतु सामुदायिक संगठनों के साथ मिलकर काम करने की ज़रुरत होती है।

विक्टोरिया में, बहुत से ऐसे सुस्थापित सामुदायिक संगठन हैं जो अक्षमता वाले लोगों को एनडीआईएस के लिए तैयारी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

अक्षमता वाले लोगों की अपने लक्ष्यों को पाने में सहायता करने में भी उन संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

इसकी शुरुआत का काम कैसे होगा?

वर्तमान में विक्टोरियाई या कॉमनवैल्थ सरकार से जिन लोगों को सहायतायें मिल रही हैं वे, उनको मिलने वाली सहायता के प्रकार और निवास क्षेत्र के आधार पर अलग-अलग समय पर एनडीआईएस में जायेंगे।

उत्तर पूर्व मैलबर्न क्षेत्र में एनडीआईएस 1 जुलाई 2016 से शुरु हो जायेगी। उत्तर पूर्व मैलबर्न क्षेत्र में शामिल स्थानीय प्रशासनिक क्षेत्र हैं:

- बेनयूल
- डेरेबिन
- नल्लमबक
- विटलसी
- यारा

लोग एनडीआईएस में कैसे शामिल होंगे?

आपके क्षेत्र का पारगमन (ट्रांज़िशन) होने से पहले, अगर वर्तमान में आपको विक्टोरियाई सरकार से सहायता मिल रही है तो, आपका संपर्क विवरण एनडीआईए को दे दिया जायेगा। उसके बाद सबसे पहला काम होगा कि एनडीआईए द्वारा आपको एनडीआईएस में शामिल किये जाने की प्रक्रिया के बारे में बातचीत करने के लिए फ़ोन किया जायेगा।

आने वाले महीनों में हमारी नेशनल एक्सस टीम, उत्तर पूर्व मैलबर्न क्षेत्र में, विक्टोरियाई और कॉमनवैल्थ सरकार के मौजूदा सेवा उपभोक्ताओं को फ़ोन करेगी। जिन लोगों को बातचीत करने के लिए अतिरिक्त साधनों की आवश्यकतायें हैं उनके लिए उचित प्रबंध किये जायेंगे।

इस फ़ोन कॉल में हम आपका विवरण तथा एनडीआईएस में आपके शामिल होने की प्रक्रिया के बारे में बतायेंगे।

एनडीआईएस में आपके शामिल होने के बारे में निर्णय हो जाने के बाद, आपको एनडीआईएस के बारे में आयोजित सूचना सत्र में जाना चाहिए। सूचना सत्र के विवरण का विज्ञापन हमारी वेबसाइट **ndis.gov.au/vic** पर दिया जायेगा।

एनडीआईएस नियोजन प्रक्रिया कैसी होती है?

आपके एनडीआईएस मार्ग के कई चरण होते हैं, जिनमें एनडीआईएस को समझने और उसमें शामिल होने से लेकर, आपकी प्रथम योजना का विकास करना और उसका नियोजन करना शामिल होता है।

आपकी एनडीआईएस योजना के प्रथम वर्ष के दौरान, इस बात पर ध्यान देना महत्वपूर्ण होता है कि आपकी योजना आपके लिए कैसे काम कर रही है। आपकी योजना पर पुनर्विचार के समय आपकी अगली योजना की रचना करने के लिए इस जानकारी का उपयोग किया जायेगा।

हरेक की आवश्यकतायें तथा लक्ष्य अलग होते हैं। इसलिए एनडीआईएस आपकी निजीकृत आवश्यकताओं के अनुसार व्यवस्था के लिए लचीलेपन (फ्लैक्सिबलिटी) वाली सहायता प्रदान करती है।

एनडीआईएस से किसे सहायता मिल सकती है?

विक्टोरिया में एनडीआईएस से सहायता पाने हेतु लोगों के लिए आवश्यक है कि वे:

- ऐसे क्षेत्र में रहते हों जहाँ एनडीआईएस उपलब्ध है;
- आयु तथा नागरिकता से संबंधित आवश्यकतायें पूरी करते हों; और
- अक्षमता या समय पर हस्तक्षेप से संबंधित आवश्यकतायें पूरी करते हों।

अक्षमता वाले लोगों के लिए चलाये जाने वाले विक्टोरियाई सरकार के कुछ कार्यक्रमों में शामिल होने से संबंधित आवश्यकतायें, एनडीआईएस में शामिल होने से संबंधित आवश्यकताओं के समान हैं। इन निर्धारित कार्यक्रमों में विक्टोरियाई सरकार द्वारा जिन लोगों की पात्र के रुप में पहचान कर ली गई है उनके बारे में माना जायेगा कि उन्होंने एनडीआईएस में शामिल होने से संबंधित अक्षमता आवश्यकताओं को पूरा कर लिया है। किंतु फ़िर भी उन लोगों को नागरिकता तथा आयु से संबंधित आवश्यकतायें पूरी करनी होंगी।

मैं तैयारी करने के लिए क्या कर सकता हूँ?

अपने जीवन, अपने भविष्य और आप क्या पाना चाहेंगे उस बारे में सोचना शुरु करें। इससे आपको अपनी प्रथम एनडीआईएस योजना बनाने के लिए तैयारी करने में सहायता मिलेगी। आप उन संगठनों से बात कर सकते हैं जिनसे आपको अभी सहायता मिलती है और अपने क्षेत्र में होने वाले एनडीआईएस सूचना सत्र में उपस्थित हो सकते हैं।

आपकी सहायता करने के लिए सूचना तथा संसाधन **ndis.gov.au/vic** पर उपलब्ध हैं।

और अधिक जानकारी

1800 800 110*	सवेरे 8 से शाम 5 बजे तक (एईएसटी) सोमवार से शुक्रवार
टीटीवाय 1800 555 677	श्रवण तथा वाक् क्षमता रहित लोगों के लिए
1800 555 727	बोलें तथा सुनें:
टीआईएस 131450	अंग्रेज़ी में सहायता की ज़रुरत वाले लोगों के लिए
हमारा ट्विटर पर @NDIS पर अनुसरण करें	हमसे फेसबुक पर facebook.com/NDISAus पर मिलिए

*स्थापित (फिक्स्ड) लाइनों से 1800 नंबर पर किये जाने वाले कॉल्स निःशुल्क होते हैं। मोबाइल फ़ोनों से किये गये कॉल्स पर शुल्क लग सकता है।